हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 23 फ़रवरी 2026,समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रपति भवन मे आज राजा जी उत्सव शुरू हुआ, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन मे चक्रवर्ती राज गोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण किया।
- केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने भारत टैक्सी के सारथियों से बातचीत की - श्री शाह ने कहा भारत टैक्सी की सारथी महिलाओं को बीमा लाभ और आसान ऋण सुविधाएं मिलेंगी।
- हरियाणा सरकार ने कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से आई डी एफ सी फर्स्ट बैंक में हुई धोखाधड़ी का कड़ा नोटिस लिया। मामले की जांच भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो और सतर्कता विभाग को सौंपी गई।
- अंबाला रेल मण्डल होली के अवसर पर विशेष रेल गाड़ियां चलाएगा ।
- आज कुरुक्षेत्र मे 5 दिवसीय सांग महोत्सव शुरू हुआ ।

-----------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------

पहले भारतीय गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के जीवन और विरासत का प्रदर्शन राजाजी उत्सव नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आज आरम्भ हो गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण किया। चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की प्रतिमा अशोक मंडप के पास खुली सीढ़ी पर एडविन लुटियंस की प्रतिमा के स्थान पर स्थापित की गई है। राष्ट्रपति ने कहा कि चक्रवर्ती राजगोपालाचारी भारत के महान सपूत थे। उन्होंने कहा कि राजाजी का कमजोर वर्ग के लोगों से जुड़ाव उनके विचारों और कार्यों में दिखाई देता है।

***जो लोग राष्ट्रपति भवन देखने आएंगे उन्हें राजाजी के योगदान से परिचित कराया जाएगा। भारत के लिए और समस्त भारतवासियों विशेषकर कमजोर वर्गों के लोगों से जुड़ाव राजाजी के विचारों और कार्यों में दिखाई देता है।***

राष्ट्रपति ने कहा कि राजगोपालाचारी के आदर्शों पर कार्य करना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राष्ट्रपति ने आशा व्यक्त की कि देश की जनता राजगोपालाचारी के जीवन और विरासत से प्रेरणा लेकर राष्ट्रप्रथम की भावना के साथ आगे बढ़ेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत माता के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले परमवीर चक्र, विजेताओं के चित्रों, शोभायमान भारत की शास्त्रीय भाषा ग्रंथों में रचित महान ज्ञान परम्परा को संजोने वाले प्राचीन पांडुलिपियों से समृद्ध ग्रंथकुटीर की स्थापना राष्ट्रपति भवन में की गई

***<u>आप राष्ट्रपति भवन में भारत माता के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले परमवीर चक्र, विजेताओं के चित्रों, शौभायमान भारत की शास्त्रीय भाषाओं के ग्रंथों में रचित महान ज्ञान परम्परा को संजोने वाले प्राचीन पांडुलिपियों से समृद्ध ग्रंथकुटीर की स्थापना राष्ट्रपति भवन में की गई। ऐसे अनेक बदलाव राजाजी चिंतन और जीवन अनुरुप भारतीयता पर गौरव की चेतना को आगे बढ़ाते हैं।</u>***

इस अवसर पर श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को पढ़ा।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में भारत टैक्सी के सारथियों से बातचीत की। श्री शाह ने कहा कि भारत टैक्सी सहकारी समिति का उद्देश्य चालकों को उनके काम का स्वामित्व देकर उन्हें सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि इस पहल का लक्ष्य निजी टैक्सी सेवा कंपनियों से जुड़ी समस्याओं को कम करना और चालकों को लाभ दिलाना है।

***<u>ये जो कन्सेप्ट है, वो ये है कि जो श्रम कर रहा है, जो मेहनत कर रहा है, उसी को मुनाफा मिले, किसी सेठ को न मिले। अब आप भारत टैक्सी का विचार क्यूं आया, ये जो आपने कहा ढेर सारी कम्प्लेंट्स आती थी, बीस प्रतिशत कट जाता था, कोई सर्टेनिटी नहीं थी, कोई सुरक्षा नहीं थी, जितनी भी कम्प्लेंट्स है वो, इसका निवारण क्या है, वो जो कंपनियां है, वो कंपनियां चलाने का उद्देश्य मालिक को धनी बनाना है, फर्क इतना है मालिक आप हो।</u>***

भारत टैक्सी की अनूठी सारथी दीदी पहल का उल्लेख करते हुए श्री शाह ने कहा कि इस सुविधा के माध्यम से महिला यात्री अपनी यात्रा के लिए महिला चालकों का चयन कर सकती हैं। श्री शाह ने बताया कि भारत टैक्सी की सारथी महिलाओं को बीमा लाभ और आसान ऋण सुविधाएँ मिलेंगी। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में इस एप में महिला सुरक्षा के लिए विशेष उपाय शामिल किए जाएंगे।

***<u>आने वाले दिनों में सारथी दीदी का नाम से ऐप में प्रोविजन करेंगे, जो महिला अकेली यात्री होगी, वो स्वाभाविक रूप से दीदी को प्रायोरिटी देगी। इससे किसी का कोई भय का भी वीकनेस खत्म नहीं होगा चिंता मत करिए। सारथी दीदी सबसे ज्यादा क्लिक करेगा।</u>***

----------------------------------------------------------------------------------------

-----------------------------------

हरियाणा सरकार ने कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से आइडीएफसी फर्स्ट बैंक में हुई **590** करोड़ रुपये से अधिक की धोधाखड़ी का कड़ा नोटिस लिया है।आज विधानसभा में शून्यकाल के दौरान भी यह मुद्दा उठाया गया। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने इस मामले में की आरोपित अधिकारियों व कर्मचारियों पर की गई कार्रवाई को लेकर रिपोर्ट मांगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में ऐलान किया कि सरकार चार दिनों से इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बैंक ने अपने अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की है। भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो और सतर्कता विभाग को इस मामले की जांच का जिम्मा सौंपा जा चुका है।

उन्होंने कहा कि सभी विभागों व बोर्ड-निगमों को सरकार का पैसा प्राइवेट की बजाय सरकारी बैंकों में ही रखने के निर्देश भी दिए गए हैं।

----------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------

अंबाला रेल मंडल से वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार ने कहा है कि होली के अवसर पर भारी भीड़ को देखते हिये विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि होली के मौके पर संभावित अतिरिक्त यात्री दबाव को देखते हुए विशेष रेलगाड़ियों की मांग की गई थी।

श्री नवीन कुमार ने कहा कि फिरोजपुर और जम्मू रेल मण्डल से चलने वाली रेलगाड़ियां भी भी अंबाला मण्डल को सेवा देती हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे ने अतिरिक्त रेक की व्यवस्था भी की है। यदि किसी रूट पर अचानक भीड़ बढ़ती है, तो तत्काल कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त रेलगाड़ियां चलाई जा सकती हैं।

---------------------------------------------------------------------------------------------

-------------------------------------

कुरुक्षेत्र उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने आज हरियाणा कला परिषद के कलाकृति भवन में प्रसिद्ध लोक कलाकार धनपत सिंह की स्मृति में आयोजित **5** दिवसीय सांग महोत्सव **2026** का शुभारंभ किया। इस महोत्सव में प्रदेशभर से **24** टीमों के बीच सांग प्रतियोगिता कारवाई जा रही है। विजेता को प्रदेश सरकार की तरफ से **1** लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक दिन लगभग **5** सांगों की प्रस्तुतियां होंगी। इनमें से सबसे बेहतरीन प्रस्तुति देने वाले सांगी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

---------------------------------------------------------------------------------------------

-------------------------------------

आज हिसार के चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से आई आई एस दंगल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस चैंपियनशिप में प्रदेश भर के महिला व पुरुष पहलवानों ने भाग लिया।

---------------------------------------------------------------------------------------------

-------------------------------------

भारत निर्वाचन आयोग कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में राज्य चुनाव आयुक्तों का राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन आयोजित करेगा। यह सम्मेलन 27 साल के अंतराल के बाद हो रहा है। निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार करेंगे। सम्मेलन में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी मौजूद रहेंगे। सम्मेलन सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव आयुक्त अपने विधिक

और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ हिस्सा लेंगे। सम्मेलन का मकसद भारत निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयोग के कामकाज में चुनाव प्रक्रिया और लॉजिस्टिक्स के संबंध में तालमेल को बढ़ावा देना है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------

सम्मान किया जाएगा। हरियाणा के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय द्वारा **28** फरवरी को हरियाणा लोक भवन में हरियाणा विज्ञान रत्न पुरस्कार एवं हरियाणा युवा विज्ञान रत्न पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में **11** प्रख्यात वैज्ञानिकों का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने के लिए सम्मान किया जाएगा ।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------

---------------------------------------